कार्यालय

# मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

लोक भवन, लखनऊ

संख्या 01/(ई-ऑफिस)/34-सां०वि०प्र०/2026 दिनांक 06/01/2026

**ई-ऑफिस**

कृपया मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र संख्या आर-19 (ई-ऑफिस)/34-सां०वि०प्र०/2025 दिनांक 25 अप्रैल, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसमें अपेक्षा की गई थी कि प्रदेश के समस्त कार्यालयों (सचिवालय, निदेशालय/मुख्यालय, मण्डल, जनपद, तहसील, विकास खण्ड आदि) में प्रत्येक दशा में 30 अप्रैल, 2025 तक पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में ऑफलाइन पत्रावलियों का व्यवहरण व पत्राचार स्वीकार न किया जाए।

2- उक्त के क्रम में नोडल एजेन्सी UPLC द्वारा संलग्न रिपोर्ट दिनांक 23 दिसम्बर, 2025 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि कतिपय कार्मिकों/यूजर्स द्वारा पूरे 01 माह की अवधि (21 नवम्बर, 2025 मे 20 दिसम्बर, 2025 तक) में लॉगिन ही नहीं किया गया है **(सूची संलग्न/ई-मेल से प्रेषित)।**

3- ज्ञातव्य है कि नोडल संस्था UPLC द्वारा माह फरवरी, 2025 से दिसम्बर, 2025 तक लगातार प्रत्येक कार्यदिवस में Zoom के माध्यम से ई-ऑफिस ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र संचालित किए गए हैं। **बार-बार निर्देशित किए जाने तथा उक्त प्रकार से प्रशिक्षण/हैण्ड-होल्डिंग के उपरान्त भी कतिपय यूजर्स द्वारा ई-ऑफिस पर कार्य न किया जाना घोर अनुशासनहीनता है, जो स्वीकार्य नहीं है।**

4- उपर्युक्त स्थिति पर मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपेक्षा की गई है कि प्रदेश के समस्त कार्यालयों (सचिवालय, निदेशालय/मुख्यालय, मण्डल, जनपद, तहसील, विकास खण्ड आदि) में कार्मिकों द्वारा कार्यालयी कार्यों के निष्पादन हेतु अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस का प्रयोग किया जाए। **ई-ऑफिस पर कार्य करने के उपरान्त ही सम्बन्धित कार्मिकों का वेतन आहरित किया जाए।**

**ई-ऑफिस पर पूरे माह कार्य न करने वाले कार्मिक का वेतन आहरित होने की दशा में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/ आहरण-वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। किसी कार्यालय में ई-ऑफिस अद्यतन कार्यान्वित नहीं हुआ है, तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।**

**संलग्नक: उक्तवत।**

Digitally signed by
SANJAY PRASAD
Date: 02-01-2026
17:54:49

**(संजय प्रसाद)**
प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री।

**1- अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।**

**2- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव / सचिव, उ०प्र० शासन।**

**3- समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।**

**4- समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।**

**5- समस्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।**

**6- समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।**

**7- समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।**

संख्या एवं दिनांक तदैव।

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/ सचिव / विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उ०प्र० शासन।
2. प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ०प्र० शासन।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यू.पी.एल.सी. उत्तर प्रदेश।
4. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, NIC उत्तर प्रदेश।
5. वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०) (श्री शैलेश श्रीवास्तव), NIC उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

**(अरविन्द मोहन)**
संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री।

| eOffice not login users vs total users | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Period 21-11-2025 to 20-12-2025 | | | | | |
| क्र०सं० | विभाग | TOTAL | Login users | Not Login users | Not Login users % |
| 1 | लोक निर्माण | 10,895 | 4,815 | 6,080 | 55.81% |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन | 6,997 | 2,092 | 4,905 | 70.10% |
| 3 | कृषि | 9,298 | 4,677 | 4,621 | 49.70% |
| 4 | राजस्व एवं आपदा | 6,765 | 2,981 | 3,784 | 55.93% |
| 5 | ग्राम्य विकास | 5,057 | 2,438 | 2,619 | 51.79% |
| 6 | श्रम एवं सेवायोजन | 3,429 | 1,747 | 1,682 | 49.05% |
| 7 | आवास एवं शहरी नियोजन | 2,591 | 973 | 1,618 | 62.45% |
| 8 | खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन | 3,004 | 1,468 | 1,536 | 51.13% |
| 9 | चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 1,970 | 517 | 1,453 | 73.76% |
| 10 | बेसिक शिक्षा | 1,620 | 459 | 1,161 | 71.67% |
| 11 | माध्यमिक शिक्षा | 1,543 | 512 | 1,031 | 66.82% |
| 12 | खाद्य एवं रसद | 1,567 | 565 | 1,002 | 63.94% |
| 13 | नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी | 1,396 | 440 | 956 | 68.48% |
| 14 | पंचायती राज | 1,193 | 381 | 812 | 68.06% |
| 15 | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन | 1,076 | 274 | 802 | 74.54% |
| 16 | ग्रामीण अभियंत्रण | 1,354 | 606 | 748 | 55.24% |
| 17 | नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति | 1,018 | 318 | 700 | 68.76% |
| 18 | वित्त | 1,083 | 423 | 660 | 60.94% |
| 19 | चिकित्सा शिक्षा | 672 | 65 | 607 | 90.33% |
| 20 | नियोजन | 1,593 | 1,098 | 495 | 31.07% |
| 21 | सहकारिता | 788 | 312 | 476 | 60.41% |
| 22 | पशुधन | 822 | 352 | 470 | 57.18% |
| 23 | समाज कल्याण | 716 | 255 | 461 | 64.39% |
| 24 | व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास | 619 | 166 | 453 | 73.18% |
| 25 | कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार | 936 | 505 | 431 | 46.05% |
| 26 | महिला एवं बाल विकास | 699 | 270 | 429 | 61.37% |
| 27 | पिछड़ा वर्ग कल्याण | 952 | 588 | 364 | 38.24% |
| 28 | चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास | 604 | 257 | 347 | 57.45% |
| 29 | राज्य कर | 1,019 | 673 | 346 | 33.95% |
| 30 | उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण | 522 | 197 | 325 | 62.26% |
| 31 | आबकारी | 525 | 205 | 320 | 60.95% |
| 32 | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम | 571 | 257 | 314 | 54.99% |

# eOffice not login users vs total users

## Period 21-11-2025 to 20-12-2025

| क्र०सं० | विभाग | TOTAL | Login users | Not Login users | Not Login users % |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | आयुष | 459 | 198 | 261 | 56.86% |
| 34 | परिवहन | 305 | 61 | 244 | 80.00% |
| 35 | स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन | 336 | 101 | 235 | 69.94% |
| 36 | निर्वाचन | 299 | 104 | 195 | 65.22% |
| 37 | होमगार्ड | 329 | 156 | 173 | 52.58% |
| 38 | मत्स्य | 298 | 126 | 172 | 57.72% |
| 39 | प्राविधिक शिक्षा | 181 | 21 | 160 | 88.40% |
| 40 | गृह | 183 | 48 | 135 | 73.77% |
| 41 | सैनिक कल्याण | 216 | 103 | 113 | 52.31% |
| 42 | अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ | 229 | 140 | 89 | 38.86% |
| 43 | खेलकूद | 129 | 47 | 82 | 63.57% |
| 44 | युवा कल्याण | 144 | 66 | 78 | 54.17% |
| 45 | रेशम विकास | 321 | 243 | 78 | 24.30% |
| 46 | खादी एवं ग्रामोद्योग | 161 | 84 | 77 | 47.83% |
| 47 | दिव्यांगजन सशक्तीकरण | 187 | 110 | 77 | 41.18% |
| 48 | हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग उद्योग | 125 | 49 | 76 | 60.80% |
| 49 | ऊर्जा | 75 | 0 | 75 | 100.00% |
| 50 | दुग्ध विकास | 99 | 30 | 69 | 69.70% |
| 51 | सूचना | 88 | 35 | 53 | 60.23% |
| 52 | कारागार | 50 | 9 | 41 | 82.00% |
| 53 | भूतत्व एवं खनिकर्म | 99 | 58 | 41 | 41.41% |
| 54 | अतिरिक्त उर्जा | 50 | 14 | 36 | 72.00% |
| 55 | अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास | 34 | 7 | 27 | 79.41% |
| 56 | पर्यटन | 69 | 42 | 27 | 39.13% |
| 57 | उच्च शिक्षा | 32 | 11 | 21 | 65.63% |
| 58 | बाँट एवं माप | 20 | 2 | 18 | 90.00% |
| 59 | विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी | 65 | 49 | 16 | 24.62% |
| 60 | संस्कृति | 18 | 13 | 5 | 27.78% |
| 61 | धर्मार्थ कार्य | 4 | 0 | 4 | 100.00% |
| 62 | नागरिक सुरक्षा | 5 | 1 | 4 | 80.00% |
| 63 | प्रशासनिक सुधार | 5 | 1 | 4 | 80.00% |
| | योग | 77,509 | 32,815 | 44,694 | 57.66% |